


# साप्ताहिक वन लाइनर्स अपडेट

8 - 14 अक्टूबर , 2018

Powered by :

gradeup



## साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 8-14 अक्टूबर 2018

**प्रिय पाठकों,**

**यह** साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **दुसरे सप्ताह (8-14) अक्टूबर** 2018 में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल बैंकिंग साक्षात्कार और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. काठमांडू स्थित **राष्ट्रीय बैंकिंग संस्थान** (एन.बी.आई) के मानव संसाधनों के विकास के लिए **एन.बी.आई** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला बैंक_____**भारतीय स्टेट बैंक।**

   **नोट:**

   - एस.बी.आई ने शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रदान करके एन.बी.आई के मानव संसाधनों के विकास के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सामरिक गठबंधन स्थापित करने हेतु एन.बी.आई के साथ तीन वर्षीय ज्ञापन समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए।

2. **भारतीय रिजर्व बैंक** (आर.बी.आई) ने किस बैंक के आरंभ हेतु मंजूरी दी ______**केरल बैंक।**

   **नोट:**

   - यह **केरल सहकारी बैंक** (जिसे केरल बैंक के रूप में जाना जाता है) होगा।
   - इसमें ए.टी.एम सहित एक वाणिज्यिक बैंक की सभी सुविधाएं होंगी।

3. केंद्र सरकार ने **भारतीय रिजर्व बैंक** (आर.बी.आई) के परामर्श से कौन से **बांड** जारी करने का फैसला किया _____ **सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2018-19।**

   **नोट:**


   - वर्ष 2018-19 श्रृंखला II का अंश (Tranche) इस महीने की 23 तारीख को जारी किया जाएगा और सदस्यता अवधि इस महीने की 15 से 19 तारीख तक है।
   - बॉन्ड की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नामित डाकघरों और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से की जाएगी।

4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ) ने वर्ष 2018 के लिए भारत की विकास दर कितनी रहने की भविष्यवाणी की है_____**7.3%।**

   **नोट:**

   - चीन में, विकास दर वर्ष 2018 के लिए 6.6% और वर्ष 2019 के लिए 6.2% अनुमानित है।
   - **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** (आई.एम.एफ) एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसका **मुख्यालय वाशिंगटन, डी.सी.** में है।
   - इसमें 189 देश शामिल हैं जो वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देने, सुरक्षित वित्तीय स्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।



5. विश्व विकास रिपोर्ट 2019 के भाग के रूप में, विश्व बैंक ने कहां पर आयोजित विश्व बैंक-आई.एम.एफ वार्षिक बैठक में **मानव पूंजी सूचकांक** (एच.सी.आई) जारी किया ____**बाली, इंडोनेशिया।**

**नोट:**

- सिंगापुर सूची में शीर्ष पर है, जिसे सर्वव्यापी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, शिक्षा परीक्षाओं के परिणाम और जीवन प्रत्याशा आंकड़ों के लिए सर्वाधिक मत मिले हैं।
- इसके बाद दक्षिण कोरिया, जापान, हांगकांग और फिनलैंड का स्थान है।
- विश्व विकास रिपोर्ट (डब्लू.डी.आर) 2018 का मुख्य विषय "कार्य की बदलती प्रकृति" (The Changing Nature of Work) है।
- भारत को नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश से नीचे 115वें स्थान पर (157 देशों के बीच) रखा गया था।

6. आर्सेलर मित्तल की यूरोपीय संपत्तियों का अधिग्रहण कौन करेगा___**लिबर्टी।**

**नोट:**

- संपत्तियों में रोमानिया और चेक गणराज्य में एकीकृत स्टीलवर्क के साथ-साथ मैसेडोनिया और इटली में रोलिंग मिलें भी शामिल हैं और इससे यूरोप में लिबर्टी की स्टील रोलिंग क्षमता वार्षिक रूप से 10.5 मिलियन टन तक हो जाएगी।
- वर्तमान में यह समझौता लिबर्टी से बाध्यकारी प्रस्ताव के बाद एक सशर्त समझौते के अधीन है - जो आर्सेलर मित्तल के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

7. उन्नत ज्योति बाय एफॉर्डेबल एल.ई.डी फॉर ऑल (उजाला) योजना के तहत ऊर्जा दक्ष उपकरणों के वितरण हेतु डाक विभाग (डी.ओ.पी) के साथ एक समझौते पर किसने हस्ताक्षर किए हैं___ **ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ई.ई.एस.एल)।**

**नोट:**

- एक बयान में कहा गया है कि ई.ई.एस.एल पूरे भारत में डाकघरों के डी.ओ.पी नेटवर्क के माध्यम से एल.ई.डी लाइट (बल्ब और ट्यूब लाइट) और बी.ई.ई 5-स्टार के पंखों का वितरण करेगा।
- "इस पहल के तहत, डाकघर केंद्र काम न करने वाले उन एल.ई.डी बल्ब, ट्यूब लाइट, और पंखों को बदलने की अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेंगे जो उजाला कार्यक्रम के तहत तकनीकी वारंटी की अवधि में हैं।
- वर्तमान में, उजाला योजना के तहत, देश में 310 मिलियन से अधिक एल.ई.डी बल्ब, 6.6 मिलियन एल.ई.डी ट्यूब लाइट और करीब 20 लाख ऊर्जा दक्ष पंखों को वितरित किया गया है।

8. ऑक्सफैम विश्व असमानता सूचकांक में भारत का स्थान __**147वां।**


**नोट:**

- भारत को अपनी आबादी में असमानताओं को कम करने के लिए विभिन्न देशों की प्रतिबद्धता के एक नए विश्वव्यापी सूचकांक में नीचे के 10 देशों में से स्थान दिया गया है।
- सूचकांक में उच्च और प्रगतिशील कराधान, अधिक सामाजिक खर्च और श्रमिकों की अच्छी सुरक्षा के आधार पर डेनमार्क शीर्ष पर है।

9. ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2018 में 119 देशों के बीच भारत का स्थान ___**103वां।**

**नोट:**





- ➢ वेल्ट हंगर लाइफ एंड कंसर्न वर्ल्डवाइड वर्ष 2006 से दुनिया में भूख के स्तर पर रिपोर्ट जारी कर रहा है।
- ➢ इस वर्ष की रिपोर्ट का मुख्य क्षेत्र "फोर्सड माइग्रेशन एंड हंगर" है।

10. किस भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्य कंपनी ने बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के साथ अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचे जाने वाले मोबाइल ब्रांडों को विशेष बीमा प्रदान करने के लिए करार किया है___ **फ्लिपकार्ट।**

**नोट:**

- ➢ यह बीमा नियामक, आई.आर.डी.ए.आई से कॉर्पोरेट एजेंट लाइसेंस प्राप्त करने के बाद दशक पुरानी कंपनी फ्लिपकार्ट के बीमा क्षेत्र में प्रवेश की शुरुआत है।
- ➢ यह बीमा 10 अक्टूबर से उपलब्ध होगा जब फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ (टी.बी.बी.डी) सेल शुरू होगी।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. पूरे भारत में **भारतीय वायुसेना दिवस** मनाया गया____**8 अक्टूबर।**

**नोट:**

- ➢ भारतीय वायुसेना ने परेड और वायु प्रदर्शन के साथ दिल्ली के समीप वायु सेना स्टेशन हिंडन एयर बेस में विभिन्न विमानों को प्रदर्शित किया।
- ➢ इसे 8 अक्टूबर, 1932 में ब्रिटिश साम्राज्य की एक सहायक वायु सेना के रूप में आधिकारिक तौर पर स्थापित किया गया था और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इसकी सेवाओं के सम्मान में उपसर्ग रॉयल वर्ष 1945 में जोड़ा गया था।

2. प्रत्येक वर्ष **विश्व डाक दिवस** मनाया जाता है_____**9 अक्टूबर।**

**नोट:**


- ➢ इसे वर्ष 1969 में टोक्यो, जापान में आयोजित यू.पी.यू कांग्रेस द्वारा विश्व डाक दिवस घोषित किया गया था।
- ➢ तभी से, दुनिया भर के सभी देश इस उत्सव में वार्षिक रूप से भाग लेते हैं।
- ➢ कई देशों में डाक विभाग नए डाक उत्पादों और सेवाओं को जारी करने या बढ़ावा देने के लिए समारोह का आयोजन करते हैं।

3. केंद्र सरकार अगले वर्ष दुनिया भर में समारोह आयोजित करने के साथ सिखों के किस गुरु की 550वीं जयंती मनाएगी _______**गुरु नानक देव।**

**नोट:**

- ➢ केंद्र सरकार ने गुरु नानक देव की 550वीं जयंती को 'सार्वभौमिक भाईचारे के वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला किया।
- ➢ **गुरु नानक देव जी** का जन्म 15 अप्रैल 1469 को लाहौर के समीप राय भोई की **तलवंडी (वर्तमान में ननकाना साहिब, पंजाब, पाकिस्तान)** में हुआ था।
- ➢ उनका जन्म कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक गुरुपर्व के रूप में दुनिया भर में मनाया जाता है।





- गुरु नानक देव के बोल सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ (गुरु ग्रंथ साहिब) में 947 काव्य स्तुतियों के रूप में संकलित हैं।

4. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष मनाया जाता है______**10 अक्टूबर।**

**नोट:**

- दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को संगठित करने के लिए हर वर्ष 10 अक्टूबर को **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस** मनाया जाता है।
- इस वर्ष का विषय "बदलती दुनिया में युवा लोग और मानसिक स्वास्थ्य" (Young people and mental health in a changing world) है।

5. अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस (आई.डी.जी.सी) दुनिया भर में हर वर्ष मनाया जाता है_______**11 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह दिवस दुनिया भर में बालिकाओं के अधिकारों और उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों की पहचान के लिए मनाया जाता है।
- वर्ष 2018 का विषय "बालिका के साथ: एक प्रशिक्षित कन्या शक्ति" (With Her: A Skilled Girl Force) है।
- दिसंबर, 2011 को, **संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी थी।

6. अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण दिवस हर वर्ष मनाया जाता है___**13 अक्टूबर।**

**नोट:**

- वर्ष 2018 का विषय "आपदाओं से होने वाली आर्थिक हानि को कम करना" है।
- अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण दिवस (आई.डी.डी.आर) हर नागरिक और सरकार को अधिक आपदा-प्रत्यास्थ समुदायों और राष्ट्रों के निर्माण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

7. भारत सरकार का पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग ने विश्व अंडा दिवस मनाया ______ **13 अक्टूबर।**

## श्रद्धांजलियां

1. प्रख्यात गांधीवादी का गुवाहाटी में बीमारी के बाद निधन हो गया______**नटवर ठक्कर।**

**नोट:**

- श्री ठक्कर (पद्मश्री पुरस्कार विजेता) महाराष्ट्र से थे लेकिन वर्ष 1955 में नागालैंड जाने के बाद से वहीं के निवासी हो गए।
- ठक्कर ने चुचुयिमलांग में नागालैंड गांधी आश्रम की स्थापना की।

2. प्रसिद्ध मलयालम कवि जिनका कोवूर, कोझिकोड में वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों के कारण निधन हो गया______ **एम.एन. पलूर।**

**नोट:**



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

- पलूर को वर्ष 2013 में अपनी आत्मकथा 'कथयिल्लाथवंते कथा' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उन्होंने वर्ष 1983 में अपने रचना संग्रह 'कलीकलम' के लिए केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार भी हासिल किया।

3. बॉलीवुड गायक जिनका एक कार दुर्घटना में देहांत हो गया __**नितिन बाली।**

**नोट:**

- बाली वर्ष 1990 के दशक में लोकप्रिय गीत 'नीले नीले अंबर पर' की रीमिक्सिंग के लिए चर्चा में आए थे, जो चार्टबस्टर रहा था।
- इससे पहले, वह तब घायल हो गए थे, जब उनकी कार उपनगर बोरीवली में एस.वी. रोड पर डिवाइडर से टकरा गई थी।

4. अनुभवी हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार जिनका निधन हो गया___**अन्नपूर्णा देवी।**

**नोट:**

- अन्नपूर्णा देवी का मुंबई स्थित ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया।
- वह पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्तकर्ता थीं। उनका विवाह सितार वादक पंडित रवि शंकर से हुआ था।

## नई नियुक्तियां

1. अंतर्राष्ट्रीय विज्ञापन संघ (आई.ए.ए) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है___ **श्रीनिवासन स्वामी।**

**नोट:**

- वह 80 वर्ष के संस्थान में प्रतिष्ठित पद प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं, जिसे विपणन और संचार नेताओं का दुनिया का सबसे प्रभावशाली नेटवर्क माना जाता है।

2. संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत जिन्होंने सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस्तीफा सौंपा___ **निक्की हैली।**

**नोट:**


- संयुक्त राष्ट्र में, वह रूस की मुखर आलोचक और अमेरिकी प्रतिबंधों की समर्थक रही हैं।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार, निक्की हेली वर्ष के अंत तक संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्य करेंगी।

3. वरिष्ठ अधिवक्ता जिन्हें भारत का नया महान्यायाभिकर्ता (सॉलीसिटर जनरल) नियुक्त किया गया है____**तुषार मेहता।**

**नोट:**

- वर्तमान में, वह अपर महान्यायाभिकर्ता (वर्ष 2014 से) के रूप में कार्यरत हैं।
- महान्यायाभिकर्ता और अपर महान्यायाभिकर्ता सरकार को सलाह देते हैं और विधि अधिकारी (नियम और शर्तें) नियम, 1972 के संदर्भ में भारत संघ की ओर से उपस्थित होते हैं।





4. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) के प्रमुख जिन्होंने चीन में हिरासत में लिए जाने के चलते इस्तीफा दे दिया____**मेन्ग होंग्वेई।**

**नोट:**

- इंटरपोल की कार्यकारी समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दक्षिण कोरिया के किम जोंग योंग को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां पर पहले उत्तराखंड निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया____**देहरादून।**

**नोट:**

- निवेशक शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य निवेश के अवसरों को साझा करना और व्यापार के अग्रणी नेताओं की सक्रिय भागीदारी तलाशना है।
- सभी प्रमुख व्यावसायिक कंपनियों और औद्योगिक घरानों ने पर्यटन एवं अतिथि सेवा सहित 12 प्रमुख क्षेत्रों में पहाड़ी राज्य में निवेश के अवसर खोजने के लिए दो दिवसीय समारोह में भाग लिया।

2. हाल ही में, राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद किस मध्य एशियाई देश के दौरे पर गए थे_____**ताजिकिस्तान।**

**नोट:**

- उन्होंने ताजिक नेशनल यूनिवर्सिटी का दौरा किया और वहां पर 'काउंटरिंग रेडिकलाइजेशन: चैलेंजेस इन मॉडर्न सोसाइटीज' पर व्याख्यान दिया।

3. लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहां पर भारतीय क्षेत्र (जोन III) के राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (सी.पी.ए) का उद्घाटन किया_____ **गुवाहाटी (असम)।**

**नोट:**

- उत्तर-पूर्व राज्यों की राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और उप-सभापति तथा सांसद सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

4. केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहां पर दो प्रमुख रेल परियोजनाओं की नींव रखी ______**छत्तीसगढ़।**

**नोट:**


- 'कटघोरा-मुंगेली-कवर्धा-डूंगरगढ़' को जोड़ने वाली एक नई रेलवे लाइन का निर्माण खनिज संपन्न क्षेत्र के विकास में तेजी और समृद्धि लाने में सहायता करेगा।
- 295 किलोमीटर की परियोजना का निर्माण 6,000 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।
- केंद्री (रायपुर) को धमतरी और अभनपुर को राजिम से जोड़ने वाली एक रेलवे गेज रूपांतरण परियोजना का शिलान्यास, 67 किलोमीटर लंबी परियोजना से संचयी रूप से जुड़ा हुआ है।

5. कपड़ा मंत्री श्रीमती स्मृति जुबीन ईरानी ने **"रीविजिटिंग गांधी: द आर्ट ऑफ शेली ज्योति"** प्रदर्शनी का उद्घाटन कहां किया ____**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- गांधी पर्व के भाग के रूप में आयोजित प्रदर्शनी से पता चलता है कि गांधी को समाज परिवर्तन के लक्ष्य के प्रति किसने प्रेरित किया और उन्होंने आत्म-परिवर्तन के लिए क्या कदम उठाए।





6. भारतीय डाक सेवा ने उदयपुर स्थित किस गैर-लाभकारी संगठन को उनका डाक टिकट जारी करके सम्मानित किया______**नारायण सेवा संस्थान।**

**नोट:**

- ➢ पांच रुपये के टिकट में उदयपुर स्थित गैर सरकारी संगठन के पोलियो अस्पताल की तस्वीर के साथ उज्ज्वल रंगों में नारायण सेवा संस्थान का आधिकारिक लोगो बना हुआ है।
- ➢ यह टिकट संगठन द्वारा शारीरिक रूप से अक्षम और विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के कार्य को प्रदर्शित करने हेतु जारी किया गया।

7. जापान और भारत के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास शुरू होगा_____**विशाखापत्तनम।**

**नोट:**

- ➢ भाग लेने वाले जहाज आई.एन.एस सतपुड़ा, बहुउद्देश्यीय स्टील्थ (रडार से बचने में सक्षम) पोत, आई.एन.एस कदमत, एंटी-सबमरीन वारफेयर कार्वेट, मिसाइल कार्वेट और आई.एन.एस शक्ति, फ्लीट टैंकर हैं।

8. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के रोहतक जिले के सांपला में किसकी 64 फीट लंबी प्रतिम का अनावरण किया_____ **दीनबंधु सर छोटू राम (किसानों के मसीहा)।**

**नोट:**

- ➢ प्रधान मंत्री मोदी ने सोनीपत जिले के बाधी में रेल कोच मरम्मत कारखाने का शिलान्यास भी किया।
- ➢ प्रधान मंत्री ने दीनबंधु छोटू राम की स्मृति में स्थापित संग्रहालय का भी दौरा किया जो उनके जीवन की झलक को दर्शाता है।

9. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने दो दिवसीय महालेखाकार सम्मेलन का उद्घाटन कहां किया______**नई दिल्ली।**

**नोट:**

- ➢ **नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक** (सी.ए.जी) करदाता की धनराशि का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करने हेतु देश में शासन व्यवस्था पर नजर रखने वाला एक संवैधानिक निकाय है।
- ➢ भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 द्वारा स्थापित एक अधिकारी है।
- ➢ सी.ए.जी भारत सरकार और राज्य सरकारों के पूरे आय और व्यय की लेखा जांच करता है, जिसमें वे निकाय और अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें मूल रूप से सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है।


10. इंफोसिस की अध्यक्षा सुधा मूर्ति ने कहां पर स्थित चामुंडी हिल्स में दस दिवसीय मैसूर दशहरा 'नादा हब्बा' का उद्घाटन किया _____**मैसूर।**

**नोट:**

- ➢ सुश्री सुधा मूर्ती (इंफोसिस की अध्यक्ष) ने दीप प्रज्वलित किए और मैसूर स्थित मंदिर के परिसर में एक रजत रथ के अंदर रखी देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए।
- ➢ इसके साथ, आज के दिन से दशहरा पर्व की एक श्रृंखला शुरु जाएगी और उनमें से कुछ दशहरा पुष्प प्रदर्शनी, दशहरा खाद्य उत्सव, दशहरा फिल्म महोत्सव, दशहरा प्रदर्शनी हैं।

11. भारतीय वायुसेना (आई.ए.एफ) ने भारतीय नागरिकों के लिए कौन सा उन्नत मोबाइल स्वास्थ्य ऐप लॉन्च किया ___**'MedWatch'।**





**नोट:**

- ऐप की कल्पना आई.ए.एफ चिकित्सकों द्वारा की गई है और यह शून्य वित्तीय लागत पर सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय (डी.आई.टी) द्वारा विकसित किया गया है।
- 'MedWatch' वायुसेना सैनिकों और भारत के सभी नागरिकों को सही, कुशल और प्रामाणिक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करेगा।

12. नैसकॉम ने "सार्थक व्यापार हस्तक्षेप" के माध्यम से बाल अधिकारों को सुदृढ़ बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की किस एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए._______**यूनिसेफ।**

**नोट:**

- अब, दोनों संगठन देश में राष्ट्रीय बाल ऑनलाइन सुरक्षा संवेदीकरण और बाल अधिकारों के लिए नवाचारों को प्रोत्साहित करने सहित दो प्रमुख क्षेत्रों पर सहयोगी के रूप से काम करेंगे।

13. ओडिशा के बारगढ़ जिले (दिसंबर, 2020 तक) के बालसिंह गांव में दूसरी पीढ़ी (2G) की इथेनॉल जैव-रिफाइनरी किसने शुरू की ______**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बी.पी.सी.एल)।**

**नोट:**

- यह देश का **पहला जैव ईंधन संयंत्र** होगा जहां पर चावल की पराली से इथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा।
- रिफाइनरी में वार्षिक रूप से तीन करोड़ (30 मिलियन) लीटर ईंधन-स्तर के इथेनॉल का उत्पादन करने की क्षमता होगी।
- संयंत्र में उत्पादित इथेनॉल पेट्रोल के साथ मिश्रित किया जाएगा और ईंधन के रूप में उपयोग किया जाएगा।

14. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने केंद्रीय सूचना आयोग (सी.आई.सी) के 13वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन कहां किया _______ **नई दिल्ली।**

**नोट:** सम्मेलन तीन विशेष विषयों पर विचार-विमर्श किया:

- डेटा गोपनीयता और सूचना का अधिकार
- आर.टी.आई अधिनियम में संशोधन और
- आर.टी.आई अधिनियम का कार्यान्वयन।


15. देश का पहला भारत-इजराइल नवाचार केंद्र (आई.आई.आई.सी), एक उद्यमी प्रौद्योगिकी केंद्र कहां खोला गया______**बैंगलुरु।**

**नोट:**

- आई.आई.आई.सी भारत में इजरायली कंपनियों के प्रवेश की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और दोनों देशों के बीच स्थानीय साझेदारी और संयुक्त उद्यम निर्माण के लक्ष्य पर केंद्रित है।
- यह उद्यमशीलता, विक्रेताओं, परामर्श और गैर-औपचारिक सामुदायिक विकास के साथ साझेदारी का समर्थन करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करेगा जो विभिन्न क्षेत्रों में कंपनियों के विकास में सहायता करेगा और व्यापार, प्रौद्योगिकी, निवेशकों और ग्राहकों को शामिल करेगा।

16. वस्त्र मंत्रालय कहां पर एक वस्त्र पर्यटन परिसर के निर्माण के लिए 7.8 करोड़ रुपये जारी करेगी_____ **नांगपो, मेघालय।**





**नोट:**

- वस्त्र मंत्रालय परिधान केंद्रों को सभी आवश्यक अवसंरचना और मशीनरी भी प्रदान करेगा ताकि स्थानीय वस्त्रों का दुनिया भर में निर्यात किया जा सके।

17. 'जिओपॉलिटिकल इंपैक्ट ऑफ सी पावर' पर वार्षिक दिल्ली सेमिनार का पांचवां संस्करण कहां शुरु हुआ____ **भारतीय नौसेना अकादमी (आई.एन.ए)।**

**नोट:**

- दो दिवसीय सेमिनार में कई कार्यरत वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और प्रतिष्ठित दिग्गज भाग ले रहे हैं।

18. नीति आयोग के ए.आई.एम और आई.बी.एम ने किसके द्वारा चुने गए छात्रों के लिए अपने पहले तरह के पहले इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा की है____ **अटल इनोवेशन मिशन (ए.आई.एम)।**

**नोट:**

- इंटर्नशिप में 38 छात्रों को दो सप्ताह की भुगतान इंटर्नशिप मिलेगी, और असम, हिमाचल प्रदेश, अंडमान एवं निकोबार और अन्य राज्यों सहित पूरे देश की अटल टिंकरिंग लैब (ए.टी.एल) से 14 शिक्षक एक साथ मिलकर विचार, सहयोग और नवाचार पर चर्चा करेंगे।

## राज्य समाचार

1. मध्य प्रदेश चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में कितने गुलाबी बूथ स्थापित करेगा ____**500।**

**नोट:**

- ये मतदान केंद्र केवल महिला अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाएंगे।
- चुनाव 28 नवंबर, 2018 को आयोजित किए जाएंगे और मतगणना 11 दिसंबर, 2018 को होगी।

2. गोआ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2018 में भागीदार राज्य___ **झारखंड।**

**नोट:**

- गोआ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होगा।

3. बंगाल की खाड़ी पर चक्रवात 'तितली' ने प्रचंड चक्रवात तूफान का रूप ले लिया है और अब यह किस ओर बढ़ रहा है _____ **ओडिशा-आंध्र प्रदेश तट।**

**नोट:**


- चक्रवाती तूफान द्वारा ओडिशा के गोपालपुर और आंध्र प्रदेश के कलिंगपत्तनम के बीच 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भूस्खलन होने की संभावना है।

4. प्रदूषण रहित वाहनों के परिचालन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की पहली **विद्युत बस** परीक्षण यात्रा को हरी झंडी दिखाने वाली राज्य सरकार के मुख्यमंत्री ___ **त्रिवेंन्द्र सिंह रावत(उत्तराखंड के मुख्यमंत्री)।**

**नोट:**

- इस संबंध में देहरादून-मसूरी और हल्दवानी-नैनीताल मार्ग पर परीक्षण के लिए हैदराबाद स्थित कंपनी द्वारा एक महीने के लिए बस प्रदान की गई है।





- 30 सीटों वाली लो फ्लोर बस सी.सी.टी.वी, जी.पी.एस, पैनिक बटन और एयर सस्पेंशन से लैस है।

**5.** केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने कहां पर सिल्क समग्र पर तीन दिवसीय रेशम प्रदर्शनी और कार्यशाला का उद्घाटन किया___**इम्फाल, मणिपुर।**

**नोट:**

- केंद्रीय कपड़ा मंत्री **स्मृति ईरानी** ने मणिपुर के इम्फाल में सिल्क समग्र पर तीन दिवसीय **रेशम प्रदर्शनी और कार्यशाला** का उद्घाटन किया है।
- केंद्र सरकार ने देश में परिधान और मेक-अप सेक्टर के विकास के लिए 6000 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की है।

**6.** महाराष्ट्र सरकार ने कहां के लिए तारली सिंचाई परियोजना को मंज़ूरी दी______**सतारा जिले।**

**नोट:**

- यह परियोजना तारली घाटी में 6,507 हेक्टेयर भूमि और सतारा जिले के मान और खातव तालुके में 8,876 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के तहत लाएगी।
- यह चौथी बार है जब राज्य सरकार ने परियोजना के लिए संशोधित प्रशासनिक मंज़ूरी दी है।

**7.** जम्मू विश्वविद्यालय में सतीश धवन अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए जम्मू के केंद्रीय विश्वविद्यालय (सी.यू.जे) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर किसने हस्ताक्षर किए ______ **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)।**

**नोट:**

- सी.यू.जे और केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (CSIR-CSIO) के बीच एक अन्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- केंद्र का उद्देश्य अंतरिक्ष अनुसंधान के बारे में जागरुकता पैदा करना और अंतरिक्ष, खगोल विज्ञान, भूविज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान एवं संबंधित क्षेत्रों में शोध के लिए युवाओं को प्रेरित करना है।

**8.** चार दिवसीय मेगा साइंस एक्सपो, भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आई.आई.एस.एफ-2018) का समापन कहां हुआ _____ **लखनऊ।**


**नोट:**

- आई.आई.एस.एफ-2018 में 10 लाख से अधिक लोगों और 22 हजार से अधिक पंजीकरणों का साक्षी बना, जो चार वर्ष के इतिहास में सबसे अधिक है, जिसने इसे एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा महोत्सव बना दिया है।
- आई.आई.एस.एफ-2018 में अपने मुख्य विषय "साइंस फॉर ट्रांसफॉर्मेशन" के साथ अपने चौथे संस्करण में 23 से अधिक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विज्ञान महोत्सव का पांचवां संस्करण पूर्वी भारत में आयोजित किया जाएगा।

**9.** कर्नाटक विभाग के सामाजिक कल्याण विभाग ने एस.सी / एस.टी पृष्ठभूमि से ग्रामीण और सामाजिक परिवर्तन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए कौन सी योजना शुरू की है______**उन्नति (Unnati)।**

**नोट:**





- इस योजना के तहत, विभाग वंचित पृष्ठभूमि से स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए शुरु से अंत तक समर्थित अवसंरचना निर्माण हेतु 20 करोड़ रुपये तक का निवेश करेगा।
- उन्नति  की पहला स्रोत प्रौद्योगिकी नवाचार है।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. 30 करोड़ श्रीलंकाई रुपये के भारतीय अनुदान की सहायता से निर्मित रवींद्रनाथ टैगोर स्मारक सभागार कहां पर आयोजित विशेष समारोह में आम जनता को समर्पित किया गया ______**श्रीलंका।**

   **नोट:**
   - दक्षिणी प्रांत के मतारा में स्थित रूहुना विश्वविद्यालय में बना यह सभागार श्रीलंका के किसी विश्वविद्यालय में बने सभागार से बड़ा है।
   - 1500 व्यक्तियों की बैठक क्षमता वाला यह अत्याधुनिक सभागार प्रसिद्ध श्रीलंकाई वास्तुकार जेफ्री बावा ने "उष्णकटिबंधीय आधुनिकतावाद" के दर्शन के अनुरूप डिजाइन किया है।

2. कृत्रिम अंग उपकरण शिविरों की एक वर्ष लंबी श्रृंखला **'इंडिया फॉर ह्यूमैनिटी'** पहल की शुरुआत किसने की______ **सुषमा स्वराज।**

   **नोट:**
   - कृत्रिम अंग उपकरण शिविर का लक्ष्य दुनिया भर में दिव्यांग लोगों को शारीरिक, आर्थिक और सामाजिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है।
   - शिविर ऐसे व्यक्तियों को समाज के सम्मानित और उपयोगी सदस्य बनने के लिए उनकी गतिशीलता और गरिमा हासिल करने में मदद करेंगे।


3. 2018 हेनली पासपोर्ट इंडेक्स के अनुसार, इस वर्ष किस देश के पासपोर्ट को दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट घोषित किया गया ______**जापान।**

   **नोट:**
   - जापान के लोग 190 देशों में बिना वीज़ा (या ऑन-अराइवल वीज़ा) यात्रा कर सकते हैं।
   - सिंगापुर का पासपोर्ट 189 देशों में बिना वीज़ा या ऑन-अराइवल वीज़ा यात्रा की अनुमति देता है।
   - जापानी नागरिकों को चीन, भारत, उजबेकिस्तान, वियतनाम या म्यांमार में प्रवेश करने के लिए वीज़ा की आवश्यकता नहीं होती है, जबकि अमेरिकियों को इन सभी के लिए वीज़ा की आवश्यकता है।
   - **हेनली पासपोर्ट इंडेक्स** एकमात्र पासपोर्ट इंडेक्स है जो आई.ए.टीए (इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन) डेटा पर आधारित है, जिसे व्यापक इन-हाउस रिसर्च द्वारा परिष्कृत किया गया है, विशेषज्ञ कमेंट्री द्वारा समर्थन प्राप्त है, और पूरे वर्ष भर नियमित रूप से अपडेट किया गया है।

4. केंद्रीय विदेश मंत्री (ई.ए.एम) सुषमा स्वराज ने कहां पर आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की सरकार प्रमुखों की परिषद (सी.एच.जी) की 17वीं बैठक में भाग लिया______**दुशान्बे, ताजिकिस्तान।**

   **नोट:**



- जून, 2017 में भारत के एस.सी.ओ का पूर्ण सदस्य बनने के बाद से यह दूसरी सी.एच.जी बैठक थी।
- एस.सी.ओ सी.एच.जी बैठक एक मंच है जो भारत को एस.सी.ओ सदस्य देशों और अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया जैसे पर्यवेक्षक राष्ट्रों के साथ जुड़ने में सक्षम बनाता है।

5. किस दक्षिणपूर्व एशियाई देश ने घरेलू विरोध के बाद मृत्युदंड की सजा को समाप्त करने का फैसला किया____**मलेशिया।**

**नोट:**

- वर्तमान में, मलेशिया में मौत की सजा अन्य अपराधों के बीच हत्या, अपहरण, आग्नेयास्त्र रखने और नशीली दवाओं की तस्करी के लिए अनिवार्य है।

6. रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहां पर 'इंडिया-फ्रांस डिफेंस इंगेजमेंट इन ए मल्टीपोलर वर्ल्ड' को संबोधित किया_____**पेरिस।**

**नोट:**

- रक्षा मंत्री श्रीमती सीतारमण ने पेरिस में रणनीतिक अनुसंधान संस्थान (आई.आर.एस.ई.एम) में 'इंडिया-फ्रांस डिफेंस इंगेजमेंट इन ए मल्टीपोलर वर्ल्ड' को संबोधित किया।

7. 'हिंद महासागर: हमारे भविष्य का निर्धारक' सम्मेलन कहां पर टेंपल ट्रीज में आयोजित किया गया ____**कोलंबो, श्रीलंका।**

**नोट:**

- इसका उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में सबसे कठिन चुनौतियों का पता लगाना है।

gradeup

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. वर्ष 2018 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया _____ **विलियम नोर्डहॉस और पॉल रोमर।**

**नोट:**


- वर्ष 2018 का **अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार** संयुक्त राज्य अमेरिका के **विलियम नोर्डहॉस** और **पॉल रोमर** को स्थाई विकास पर उनके कार्यों के लिए प्रदान किया गया।
- प्रोफेसर नोर्डहॉस (येल विश्वविद्यालय से) एक ऐसा मॉडल बनाने वाले पहले व्यक्ति थे जिसने अर्थव्यवस्था और जलवायु के पारस्परिक प्रभाव का वर्णन किया था।
- दोनों की जोड़ी को 9 मिलियन स्वीडिश क्रोना (7 करोड़ और 32 लाख रुपए के बराबर) मिलेंगे।

2. महान क्रिकेटर **'रिची बेनॉड'** को 40वां लीजेंड ऑफ स्पोर्टस नामित करने की घोषणा किसने की _____ **स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम।**

**नोट:**

- स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम की स्थापना 10 दिसंबर, 1985 को ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ियों और महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए की गई थी।
- मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड स्थित राष्ट्रीय खेल संग्रहालय स्पोर्टस ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम का भवन है।





- **सर डोनाल्ड ब्रैडमैन** और **कीथ मिलर** के बाद वह ऐसे तीसरे क्रिकेटर हैं जिन्हें लीजेंड का दर्जा दिया जाएगा।

3. वर्ष 2018 का **डेमिंग प्राइज** जीतने वाली दुनिया की सबसे बड़ी दूरसंचार टावर कंपनी (चीन के बाहर) __ **इंडस टावर्स।**

**नोट:**

- इंडस टावर्स यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली सेवा क्षेत्र में पहली भारतीय कंपनी और दुनिया की पांचवीं कंपनी है।
- डेमिंग प्राइज की स्थापना वर्ष 1951 में हुई थी और यह मूल रूप से जापानी कंपनियों को गुणवत्ता सुधार में उनकी प्रगति के लिए पुरस्कृत करने की दृष्टि से शुरू किया गया था।

4. मलेशिया में "एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय सामाजिक सुरक्षा फोरम" में बीमा विस्तार हेतु प्रशासनिक समाधान के लिए 'आई.एस.एस.ए गुड प्रैक्टिस अवॉर्ड' किसने जीता___ **कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी)।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार बीमा योजना- SPREE (नियोक्ता और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए योजना) के विस्तार के लिए ई.एसआईसी द्वारा उठाए गए उपायों की पहचान करता है, जिसमें ई.एस.आई अधिनियम के तहत नए लागू क्षेत्रों में 24 महीने के लिए योगदान दरों की कम दर और बीमा के लिए मजदूरी सीमा को बढ़ाया गया है।

## खेल समाचार

1. सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में आयोजित आई.बी.एस.एफ विश्व अंडर -16 स्नूकर चैंपियनशिप में लड़कियों का खिताब किसने जीता ___ **कीर्थना पांडियन।**

**नोट:**

- कीर्थना ने अपनी बेलारूस की प्रतिद्वंद्वी अल्बिना लेस्चुक को 3-1 से हराया।

2. बीजिंग में आयोजित चीन ओपन के फाइनल में लातविया की अनास्तासिजा सेवस्तोवा पर जीत हासिल करके डब्ल्यू.टी.ए एकल खिताब किसने जीता ____**कैरोलीन वोज़नियाकी।**

**नोट:**

- वह गैर-वरीयता प्राप्त सेवस्तोवा पर हावी रहीं और उन्होंने 6-3, 6-3 से मैचे जीता।
- चीन ओपन बीजिंग, चीन में आयोजित होने वाला एक वार्षिक पुरुष और महिला पेशेवर टेनिस टूर्नामेंट है।


3. ढाका, बांग्लादेश में आयोजित अंडर -19 एशिया कप 2018 खिताब (7वां संस्करण) किसने जीता____ **भारत।**

**नोट:**

- भारत ने श्रीलंका को 144 रनों से हराकर ढाका, बांग्लादेश में आयोजित अंडर -19 एशिया कप 2018 खिताब (7वां संस्करण) जीता।
- 2018 अंडर -19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट बांग्लादेश के चटगांव और कॉक्स बाजार में आयोजित किया गया था।
- टूर्नामेंट में आठ टीमों ने भाग लिया, जिसमें 5 पूर्णकालिक सदस्य और तीन क्वालीफायर शामिल थे।

4. युवा ओलंपिक खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतिस्पर्धा में रजत किसने जीता____ **तुषार माने।**





**नोट:**

- ग्रिगोरली शामाकोव ने 249.2 अंकों के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के 13 खेलों में 46 एथलीटों द्वारा भारत का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।

5. जकार्ता में महिलाओं की क्लब थ्रो प्रतिस्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण किसने जीता ___**एकता भ्यान।**

**नोट:**

- भ्यान ने F32/51 प्रतिस्पर्धा जीतने के अपने चौथे प्रयास में 16.02 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।
- इस वर्ष की शुरुआत में भारतीय ओपन पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण हासिल करने के बाद भ्यान प्रतियोगिता में शामिल हुईं थी।

6. भारोत्तोलन में **युवा ओलंपिक खेलों** (वाई.ओ.जी) के इतिहास में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता___**जेरेमी लालरिनुंगा।**

**नोट:**

- उन्होंने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आयोजित 2018 युवा ओलंपिक खेलों में पुरुषों के 62 किग्रा वर्ग में 274 किलोग्राम वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की।
- इससे पहले, जेरेमी ने बैंकाक, थाईलैंड में पिछले वर्ष आयोजित युवा विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था।

7. युवा ओलंपिक खेलों का चौथा संस्करण कहां आयोजित किया जाएगा___**दकार, सेनेगल।**

**नोट:**

- आई.ओ.सी ने मूल्यांकन आयोग की सिफारिश के आधार पर दकार की उम्मीदवारी का चयन किया।
- दकार 2022 युवा खेल अफ्रीका में आयोजित होने वाले पहले ओलंपिक खेल होंगे।

8. अर्जेंटीना में आयोजित युवा ओलंपिक खेलों में 10 मीटर की एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक किसने जीता___**सौरभ चौधरी।**

**नोट:**

- उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर साढ़े सात अंक की भारी बढ़त हासिल की।
- युवा ओलंपिक खेलों के इतिहास में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है।


9. जकार्ता में आयोजित एशियाई पैरा-खेलों में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व श्रेणी में भारत के लिए स्वर्ण पदक किसने जीता___**तीरंदाज हरविंदर सिंह।**

**नोट:**

- हरविंदर ने W2/ST श्रेणी के फाइनल में झाओ लिक्स्यू (चीन) को 6-0 से पराजित किया।
- मोनु घनघस ने पुरुषों की चक्का फेंक प्रतिस्पर्धा की F 11 श्रेणी में रजत पदक, जबकि मोहम्मद यासेर ने पुरुषों की गोला फेंक प्रतिस्पर्धा की F 46 श्रेणी में कांस्य पदक जीता।

--------------0--------------







## बैंकिंग, एसएससी, गेट, सीटीईटी, जेईई एवं अन्य प्रवेश परीक्षाएं

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- अखिल भारतीय रैंक और परिणाम विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत समाधान

ANDROID APP ON Google play

